04.02.2026 आकाशवाणी केन्द्र शिमला 11:00बजे
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला के कैथू में कोओरपरेटिव बैंक के नवनिर्मित भवन व एटीएम का उदघाटन करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री मंडी जिला के डरोह स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार संकल्प में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर नव नियुक्त पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

हर्ष महाजन

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को जलजीवन मिशन, बाढ़ प्रबंधन, कमांड एरिया विकास और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत बड़े स्तर पर वित्तीय सहायता प्रदान की है। राज्य सभा सांसद डॉक्टर हर्ष महाजन द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि जलजीवन मिशन के तहत वर्ष 2022—23 में हिमाचल को दो हजार 163 करोड़ 83 लाख जबकि 2023—24 में 9 सौ 50 करोड़ 52 लाख और 2024—25 में 2 सौ 28 करोड़ उपलब्ध करवाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके अलावा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023—24 में हिमाचल को 30 करोड़ 16 लाख रूपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है।

शीतकालीन खेल

कुल्लू जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली के समीप सोलंग नाला की स्की ढलानों में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी इन दिनों शीतकालीन खेलों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता

विश्व कैंसर दिवस

आज विश्व कैंसर दिवस है। हर साल 4 फरवरी को दुनिया भर में कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इसके शुरूआती लक्षणों को पहचानने, रोकथाम व उपचार के प्रति लोगों को शिक्षित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम है यूनाइटेड बाय यूनिक। प्रदेश में भी विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

चंबा ट्रैफिक

चंबा जिला मुख्यालय में बढ़ते वाहनों के दबाव और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए चम्बा पुलिस ने एक अनूठी पहल की है। अब शहर की सड़कों पर पुलिस के साथ राजकीय महाविद्यालय चम्बा के एनएसएस स्वयंसेवी भी यातायात संभालेंगे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शुरू किए गए विशेष जागरूकता अभियान के तहत कुल 11 स्वयंसेवियों को विशेष प्रशिक्षण देने के बाद फील्ड में उतार दिया गया है। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि इन स्वयं सेवियों को प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करना और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाना है।

मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीते दिनों हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में बारिश से अधिकतम तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से कल भी चोटियों पर हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से ठिठुरन एक बार फिर बढ़ गई है। बीते तीन दिनों में सामान्य से 129 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने किन्नौर और लाहौल स्पीति में आज हिमस्खलन की चेतावनी दी है जिसके चलते लोगों, पर्यटकों, ट्रैकर्स और वाहन चालकों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। विभाग ने आज व कल मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस बीच राज्य के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है।